# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

## प्रेस विज्ञप्ति

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रवेशित छात्र/छात्राओं के संस्थागत/भूतपूर्व/कैरीफारवर्ड बी0एड0 प्रथम सेमेस्टर सत्र 2019–21 तथा बी0एड0 तृतीय सेमेस्टर सत्र 2018–20, एम0एड0, प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर, बी0पी0एड0 प्रथम सेमेस्टर, विधि प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर, बी0बी0ए0, बी0सी0ए0 प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर सत्र 2019–20, बी0एस–सी0(कृषि) एवं एम0एस–सी0(कृषि) प्रथम सेमेस्टर सत्र 2019–20 परीक्षा हेतु आवेदन पत्र आन–लाइन भरे जाने, शुल्क जमा करने एवं विश्वविद्यालय में जमा करने हेतु तिथि निम्नवत निर्धारित की जाती है:–

| | | |
|---|---|---|
| 01 | आनलाईन फार्म भरने की तिथि | दिनांक –26.09.2019 से 15.10.2019 तक |
| 02 | विलम्ब शुल्क के साथ आनलाईन परीक्षा फार्म भरने की तिथि | दिनांक –16.10.2019 से 20.10.2019 तक |
| 03 | आनलाईन भरे गये परीक्षा फार्म का सत्यापन एवं संशोधन | दिनांक –21.10.2019 से 24.10.2019 तक |
| 04 | आनलाईन किये गये फार्मो को महाविद्यालय द्वारा समस्त शुल्क लागिन से आनलाईन विश्वविद्यालय के खाते जमा करने की तिथि | दिनांक –25.10.2019 से 31.10.2019 तक |
| 05 | विश्वविद्यालय में परीक्षा फार्म हार्डकापी नामिनल रोल, शुल्क जमा करने की तिथि | दिनांक –01.11.2019 से 05.11.2019 तक |
| 06 | परीक्षा प्रारम्भ होने की प्रस्तावित तिथि– | दिनांक –03.12.2019 |

नोट– महाविद्यालय द्वारा समस्त शुल्क उनके लागिन से आनलाईन जमा किया जायेगा, जिसकी जमा पर्ची विश्वविद्यालय के लेखा विभाग में प्रस्तुत करेंगे। इस हेतु प्रकिया निम्नवत् रहेगीः–

1. महाविद्यालय अपने लागिन से परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का **Online** सत्यापन करेंगे।
2. सत्यापित समस्त छात्रों की देय राशि का चालान **Online/Offline** तीन प्रतियों में (जिस प्रकार जमा किया जाना है) निकाला जायेगा।
3. चालान में वर्णित समस्त धनराशि या तो **Online** या किसी भी बैंक द्वारा चालान में वर्णित वर्चुवल खाते में **NEFT/RTGS** माध्यम से जमा की जायेगी।
4. उक्त प्रकार जमा धनराशि का चालान विश्वविद्यालय के लेखा विभाग में जमा कर सत्यापन कराना होगा।
5. उक्त अनुसार खेलकूद एवं रोवर्स/रेंजर्स के चालान तीन प्रतियों में अलग–अलग वर्चुवल खाते के साथ निकलेगें।
6. ध्यान रखे कि प्रत्येक महाविद्यालय का वर्चुवल खाता अलग–अलग होगा एवं बार–बार निकालने पर खाता संख्या परिवर्तित दिखेगा।

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक–874 /परीक्षा/2019

दिनांक– 24/09/2019

प्रतिलिपि– निम्मलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1 सम्पादक............................................................ को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के आगामी अंक में किसी ऐसे पृष्ठ पर जो पूर्वान्चल के समस्त जनपदों में पहुँचता हो, छात्रहित में उक्त सूचना निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

2 सम्बन्धित प्राचार्य/प्राचार्या सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय जौनपुर को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त समय–सारिणी के अनुसार परीक्षा फार्म भरवाने एवं विश्वविद्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें।

3 प्रभारी, एम0आई0एस0 प्रकोष्ठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

4 विशेष कार्याधिकारी कुलपति, कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

5 आशुलिपिक वित्तअधिकारी, वित्तअधिकारी जी को सूचनार्थ।

6 आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी को सूचनार्थ।

7 अधीक्षक, परीक्षा/गोपनीय/अतिगोपनीय।

8 नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

परीक्षा नियंत्रक